लोक सभा अध्यक्ष ने होली के अवसर पर देश वासियों को बधाई दी

नई दिल्ली, 23 मार्च, 2016 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने देशवासियों को होली के अवसर पर बधाई दी है। अपने संदेश में श्रीमती महाजन ने कहा हैः

"होली के पावन अवसर पर मैं आप सभी को बधाई देती हूं। होली हमारे लिए बसंत के आगमन तथा आनन्दोत्सव का प्रतीक है। हर्षोल्लास से भरपूर रंगों का यह उत्सव विविधता में एकता की हमारी विरासत को और मजबूत करता है। साथ ही हमारे पर्यावरण के अनुपम रंगों के प्रतिबिम्ब भी इसमें दिखाई देंगे। होली के विभिन्न रंगों की भांति, हमारी विविधता भी एकता के सूत्र में पिरोई हमारी मिश्रित संस्कृति के विभिन्न रंगों में दिखाई देती है। अतः, हम सबका यह दायित्व है कि अपनी जीवंत सांस्कृतिक विरासत को संभाल कर रखें और उसे आगे बढ़ाएं। इसके अतिरिक्त, सबको साथ लेकर आगे बढ़ने के लिए यह आवश्यक है कि हम भावनात्मक स्तर पर एक-दूसरे से जुड़े रहें तथा सबकी भावनाओं का आदर करें और इस रास्ते में आने वाली किसी भी तरह की विभाजनकारी शक्तियों को बाधा न बनने दें। हर्षोल्लास के इस त्यौहार में हमें अपने अन्य भाई-बंधुओं का भी ख्याल रखना है और उनके प्रति संवेदनशील रहना है। मेरा यह मानना है कि होली का त्यौहार सभी प्रकार के सामाजिक भेदभाव से परे होता है और हमें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपता है कि हम उन लोगों के उत्थान के लिए अथक प्रयास करें जो समाज में अभी भी वंचित हैं। चूंकि इस अवसर पर लोग सारे गिले-शिकवे भुलाकर एक हो जाते हैं और पूरे जोर-शोर तथा हर्षोल्लास के साथ इस त्यौहार को मनाते हैं। अतः मेरा लोगों से आग्रह है कि वे इस मौके का लाभ समाज में भाई-चारे को बढ़ावा देने तथा उन बुराइयों को परास्त करने के लिए उठाएं जो हमारे सामाजिक ढांचे को कमजोर करने की चेष्टा करते हैं। आइए, हम सभी तिरंगे के शाश्वत रंगों के नीचे होली का आनन्द उठाएं। "